# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-06.07.2025**

**विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त शुग्गन थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के कुशल नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-306/25 धारा 137(2)/87/191(2)/352/351(3) से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए नामजद वांछित अभियुक्त सुग्गन पुत्र ज्ञान निवासी ग्राम पौनी थाना रायपुर जनपद सोनभद्र को आज दिनांक- 06.07.2025 को समय करीब 08.56 बजे शिवपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 04.07.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी का विपक्षी शुग्गन द्वारा अपनी 15 वर्षीय नाबालिग बहन को बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाने तथा पूछताछ करने पर परिवारीजनों के साथ मिलकर गाली गलौज व धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित प्रा.पत्र हुआ, जिसके आधार, जिसके आधार पर थाना शिवपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 गौरव सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

शुग्गन पुत्र ज्ञान निवासी ग्राम पौनी थाना रायपुर जनपद सोनभद्र उम्र करीब 23 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

शिवपुर रेलवे स्टेशन, दिनांक 06.07.2025 समय करीब 08.56 बजे।

**बरामदगी का विवरण-**

मुकदमा उपरोक्त से संबंधित नाबालिग अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 15 वर्ष।

**<u>आपराधिक इतिहास-</u>**

मु0अ0सं0 306/2025 धारा -137(2)/87/191(2)/352/351(3) बीएनएस थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

उ0नि0 गौरव सिंह, उ0नि0 कोमल यादव, हे0का0 अरविन्द कुमार सरोज , म0आ0 कोमल सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**

**पुलिस उपायुक्त**

**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**